*म्यूजिक ऐज़ थेरपी इंटरनेशनल* को गर्व है कि वह एक प्रेरणादायक संसाधन साझा कर रहा है, जो मेलबर्न विश्वविद्यालय संगीत थेरेपी और कैथोलिक हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बीच सहयोग के माध्यम से तैयार किया गया है। यह संसाधन सभी उम्र के विकलांग लोगों के साथ संगीत का उपयोग करने के इच्छुक चिकित्सकों को मार्गदर्शन देने के लिए बनाया गया था। इस प्रोजेक्ट को *म्यूजिक ऐज़ थेरपी इंटरनेशनल* से स्वतंत्र रूप से संचालित किया गया था, लेकिन ये उत्कृष्ट संसाधन हमारे वैश्विक सहयोगियों के लिए इतने प्रासंगिक हैं कि हमें गर्व है कि हम इन्हें अपनी संसाधन लाइब्रेरी में जोड़ रहे हैं (यह अंग्रेजी, हिंदी, मराठी, तमिल, बंगाली, तेलुगु और नेपाली में उपलब्ध हैं)।

ये जानकारी पत्रक स्वास्थ्यकर्मियों, विकलांगता सहायता कार्यकर्ताओं, थेरेपी सहायकों, देखभाल करने वालों और/या शिक्षकों के लिए तैयार किए गए हैं, जो विकलांग सेवा उपयोगकर्ताओं/क्लाइंट्स के साथ अपने काम में अधिक संगीत का उपयोग करना चाहते हैं। ये पत्रक चिकित्सा/शिक्षा सेटिंग्स में संगीत को शामिल करने के लिए आसान और व्यावहारिक सुझाव देते हैं और समझाते हैं कि संगीत का उपयोग कैसे थेरपीयूटीक या शैक्षिक लक्ष्यों को पूरा करने में मदद कर सकता है।

इन जानकारी पत्रकों को महाराष्ट्र, भारत में कम्युनिटी आधारित रिहैबिलिटेशन (CBR) के आयोजकों और कम्युनिटी के सदस्यों के साथ अनुसंधान के माध्यम से विकसित किया गया था। इस अनुसंधान में पाया गया कि विकलांग बच्चों और उनके परिवारों को उनके विकासात्मक, सामाजिक और शारीरिक लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करने के लिए इस तरह से संगीत को शामिल करना फायदेमंद है। संगीत ने इन परिवारों और उनके व्यापक समुदाय के बीच संबंध बनाए, थेरप्यूटिक गतिविधियों में अधिक प्रेरणा और जुड़ाव उत्पन्न किया, और आनंद व मस्ती को भी बढ़ाया!

हमने इन जानकारी पत्रकों का कई भाषाओं में अनुवाद किया है ताकि इन विचारों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जा सके। हम दुनिया भर के उन लोगों को आमंत्रित करते हैं जो विविध विकलांगता सेटिंग्स में काम कर रहे हैं या देखभाल कर रहे हैं, कि वे इन विचारों को अपने संदर्भ के अनुसार अनुकूलित करें और साझा करें।

निचे दिए गए लिंक्स के माध्यम से उस प्रोजेक्ट के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है जिसने इन जानकारी पत्रकों को प्रेरित किया:

प्रोजेक्ट का वीडियो सारांश: https://www.youtube.com/watch?v=OYH_WYegH54&t=5s


प्रोजेक्ट पर खुले स्रोत अनुसंधान लेख:

1. कम्युनिटी आधारित रीहैबिलिटैशन में संगीत के माध्यम से परिणामों को बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन सहयोग: ऑनलाइन संगीत नेतृत्व कार्यक्रम।
   लेखक: *लुसी बोल्जर, समीर वलसांगकर, सुमथी सुंदर और मेलिसा मर्फी।*

   लिंक: https://voices.no/index.php/voices/article/view/3729

2. CBR में संगीत थेरेपी तकनीकों को शामिल करना: ग्रामीण भारत में दो बच्चों और उनके परिवारों के साथ अभ्यास के अनुभव।
   लेखक: लुसी बोल्जर, राजू तम्मुलुरी, विवियाना तिर्की और मेलिसा मर्फी।
   लिंक: https://dcidj.uog.edu.et/index.php/up-j-dcbrid/article/view/642

# कम्युनिटी आधारित रिहैबिलिटेशन (CBR) में संगीत का उपयोग




CBR में संगीत का उपयोग करने से बच्चों को इन लक्ष्यों तक पहुंचने में मदद मिल सकती है:

- बिना मदद के भाग लेना - **"स्वतंत्रता"**
- कड़ी मेहनत करना - **"प्रेरणा"**
- मज़े करना/थेरपी का आनंद लेना - **"खुशी"**
- दूसरों के साथ मिलकर काम करना - **"सहयोग"**
- कम्युनिटी का हिस्सा बनना - **"समावेश"**
- सुना जाना – **"अभिव्यक्ति/समर्थन"**
- सुनना और प्रतिक्रिया देना सीखना - **"संचार कौशल, प्रत्याशा"**
- खेलने के लिए शरीर को समन्वित करना - **"सूक्ष्म और ठोस मोटर कौशल"**
- लंबे समय तक खेलना/थेरेपी जारी रखना - **"ध्यान, जुड़ाव"**

## CBR में संगीत का उपयोग करने के लिए **चार 'नियम'** हैं:

1 बच्चे को अनुसरण करें। बच्चा लीडर है।



2 रुकें और सुनें। बच्चे के लिए जगह छोड़ें



3 हमेशा शब्दों का उपयोग न करें।

संगीत का उपयोग करें!




4 मज़े करें!



Catholic Health Association of India


अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:
डॉ. लुसी बोल्जर (bolgerl@unimelb.edu.au)
CHAI (directorgeneral@chai-india.org)
UoM संगीत थेरेपी/ CHAI अनुसंधा साझेदारी का उत्पाद
2023 में निर्मित

THE UNIVERSITY OF MELBOURNE

## CBR में संगीतिक नाटक। संगीतिक नाटक में, **हम वाद्ययंत्रों, या आपनी आवाज़, या दोनों का उपयोग कर सकते हैं!**




"**मिररिंग और मैचिंग**" तब होती है जब हम वह काम करते हैं जो बच्चा उसी समय कर रहा है।
हम इसे उस समय करते हैं जब बच्चा लगातार खेल रहा हो।



"**टर्न टेकिंग**" वह है जब हम बच्चे के साथ संगीतमय बातचीत करते हैं, और बारी-बारी से खेलते/गाते हैं।


हम ऐसा तब करते हैं जब बच्चा कुछ छोटा खेल रहा हो और फिर रुक जाए

## CBR में गानों का उपयोग करना। गाने परिचित **हैं और संरचना, संकेत और संगीतिक निर्देश देते हैं।**




### गाननों की लय बदलना:

- बच्चे की हरकत के साथ समय पर गाना/बजाना
- पूरी गतिविधि के दौरान किसी गाने को दोहराना या जारी रखना




### गानों के शब्दों को बदलना:

- बच्चे के नाम का उपयोग करना
- शब्दों को निर्देश के रूप में बदलना या बच्चे के कार्यों का वर्णन करना
- शब्दों या पंक्तियों को दोहराना
- स्पष्ट एवं आसान शब्दों का उपयोग करना




### संरचना के लिए गीतों का उपयोग करना:

- हम लीड करें और बच्चा भी शामिल हो जाए
- साफ और स्थिर स्वर में गाएं
- बच्चा शामिल हो सके, इस तरह गति/ध्वनि को चुनें
- बच्चे को देखें और सुनें

इस काम के उदाहरण को क्रियान्वित होते हुए देखें।

क्लिक करें या स्कैन करें

Catholic Health Association of India

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:
डॉ. लुसी बोल्जर (bolgerl@unimelb.edu.au)
CHAI (directorgeneral@chai-india.org)
UoM संगीत थेरेपी/ CHAI अनुसंधा साझेदारी का उत्पाद
2023 में निर्मित

THE UNIVERSITY OF MELBOURNE